साप्ताहिक

# दिव्य हिन्दी

प्रबंध सम्पादक : विमल जैन
मो. 9860599784

Web - www.divyahindi.com
ISO CERTIFIED - 9001 : 2015

RNI No. MAHHIN/2016/69919
Postal Lic. No. : AKL/DN/235/2020-2021

वर्ष ७ | अंक : ८ | अकोला : रविवार ता.२२ मई २०२२ | पृष्ठ ४ | किमत २ रुपये

सामाजिक व्यक्तीयों का असभ्यता से बातचीत करना, पैसो के लिये समझौते करना, वादे नही निभाना और अनुशासनहिनता से वाहन चलाना - सिग्नल तोडना.....

## यह परिस्थिती असमाजिक तत्वो को पनपने के लिये उपजाऊ भूमि का काम कर रही, इसे बदलना होगा वरना संकट बढते जायेगा

विमल जैन

अकोला – बडे बडे शोरुम, मॉल, और पहले से अधिक साधन सुविधाओंवाली ग्रामीण और शहरी व्यवस्था होनेके बावजुद आज अनुशासनहिनता, दुर्व्यहार, धोखा, असभ्यता, हिंसा का दैनंदिनी व्यवहार में बढते जा रहा चलन, देश की घरेलु सामाजिक व्यवस्था को आहत कर रही । कहीं ५००–७०० वर्ष की गुलामी का दुष्परिणाम तो नहीं ? क्यों की सामाजिक व्यक्तीयों व्दारा जीस प्रकार अपने कार्यो में असभ्य, हिंसक तत्वो का साथ लिया जा रहा और सरल, स्वच्छ चरित्रशील व्यक्तीयों की जीस तरह उपेक्षा हो रही, यह बताता है कि, इतिहास में आक्रमणकारीयों व्दारा भारत पर जो अत्याचार हुये उसके दुष्परिणाम कुछ लोगो को आज भी प्रभावित कर रहे है । यह परिस्थिती देश के लिये संकट ला सकती है ।

इसे बदलना होगा, इसके लिये सरकार ने ऐसे कायदे कानुन नितीया बनानी होगी जिससे नैतिकता का वर्चस्व रहे । सभ्य, सामाजिक परिवार शक्तीशाली और एकता से सम्पन्न बने । इन्हकी संख्या को बढानेवाली नितीया बनानी होगी और दुष्ट, हिंसक, असमाजिक तत्वों को निर्धन, प्रभावहीन बनाने की नितीया बनानी होगी तभी देश विकसित देशो के समान सुंदर और अनुशासित दिखेगा । सामाजिक व्यक्तीयों को भी सरकार को सहयोग देना होगा ।

पैसो को प्राथमिकता देने के बजाए संवेदन शीलता को महत्व देना होगा । शालीनता से बातचित करना, वादों को निभाना, अनुशासित होकर वाहन चलाना, टि वी देखते समय छोटे बडो का ध्यान रखना, कपडो को विवेकशिलता से पहनना, आहार में स्वाभाविक खानपान, रसौई घर में स्वच्छता और कुटूंब में सम्मान और संवाद स्थापित रहे इसका ध्यान रखकर जीना होगा । तभी सरकार को हमारी शक्तीयाँ प्राप्त होगी और देश महान देश बनेगा ।

## देश में पहली बार हरियाणा विधानसभा में ऐसा प्रयोग, बिना सत्र विस में हर माह ३ सवाल पूछ सकेंगे MLA



चंडीगढ़– विधानसभा में विधायकों को अपने इलाके या प्रदेश के किसी भी मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगने के लिए अब सत्र का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। कोई भी विधायक हर माह ३ सवाल पूछ सकेगा। इसके लिए उसे लिखित सवाल विधानसभा सचिवालय में जमा कराने होंगे। इसके बाद ये सवाल संबंधित विभाग को भेजे जाएंगे। विभाग को १५ दिन में जवाब देना होगा। यह जवाब विधायकों को सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्नों के जवाब की तर्ज पर दिए जाएंगे।

## कनाडा की संसद में गूंजी कन्नड़ भाषा



टोरंटो – पहली बार ऐसा हुआ है, जब कनाडा की संसद में भारतीय भाषा गुंजी और कनाडा के संसद में भारतीय मूल के सांसद ने अपनी मातृभाषा कन्नड़ में बात की है। कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने संसद में भाषण देने के लिए अपनी मातृभाषा कन्नड़ का सहारा लिया और इस दौरान संसद में तालियां बजाकर इसका स्वागत किया गया।

## एम्स ने तत्काल प्रभाव से रु.३०० तक के सभी टेस्ट नि:शुल्क किए

नागपूर – एम्स ने तत्काल प्रभाव से देश के सभी एम्स सेंटरों में छ३०० तक की सभी जांच निशुल्क कर दी हैं। इनमें एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड, अधिकतर ब्लड टेस्ट आदि शामिल है। वहीं, एम्स ने प्राइवेट वॉर्ड का शुल्क डेढ़ से दोगुना बढ़ा दिया है। दरअसल, ये




फैसला एम्स निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया द्वारा गठित कमिटी की सिफारिशों के बाद लिया गया है।

## नॉर्थ कोरिया में २० दिनों में २० लाख को रहस्यमयी बुखार

पँगोंग – करीब ढाई साल तक कोरोना वायरस से बचे रहने के दावे के बाद नॉर्थ कोरिया इन दिनों रहस्यमयी बुखार से जूझ रहा है। अप्रैल के अंत से इस देश में करीब




२० लाख लोग रहस्यमयी बुखार से पीड़ित हो चुके हैं। १२ मई को नॉर्थ कोरिया ने पहली बार अपने देश में कोरोना वायरस पाए जाने की घोषणा की।

इस बीच वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) ने नॉर्थ कोरिया के हालात पर चिंता जताते हुए कहा है कि वहां जिस अंदाज में कोरोना केस से निपटा जा रहा है उससे दुनिया में कोरोना का नया वैरिएंट फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

## आर्थिक कंगाली की कगार पर दुनिया

नागपूर – पूरी दुनिया २०१९ से कोरोना महामारी की मार झेल रही है। दुनिया भर में हेल्थ क्राइसिस से ज्यादा इकोनॉमिक क्राइसिस पैदा किया है। वहीं, रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण दुनियाभर में कई जरूरी कमोडिटीज की कमी का संकट उत्पन्न हो गया है। खुदरा महंगाई पहले ही मई २०१४ के बाद के सबसे उच्च स्तर पर है।

## कच्चे जूट पर मूल्य सीमा हटाई गयी



नई दिल्ली – केंद्र सरकार ने कच्चे जूट पर मूल्य सीमा का वह आदेश वापस ले लिया है जिसके तहत इसकी खरीद के लिए अधिकतम ६५०० रुपये प्रति क्विंटल की दर रखी गयी थी। कीमत संबंधी सीमा हटाने से जूट के किसानों, मिलों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मदद मिलेगी।

## Vedantu, Netflix के बाद इस कंपनी ने ६०० लोगों को नौकरी से निकाला

दुनियाभर में महंगाई अपने चरम पर है। इस बीच एक के बाद एक कई कंपनियां लोगों को नौकरी से निकाल रही है। इसी कड़ी में अब Cars24 नाम की ई–कॉमर्स कंपनी ने ६०० एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है। हालांकि इस बारे में कंपनी का कहना है कि ये सामान्य प्रक्रिया है। वह हर साल प्रदर्शन के आधार पर एम्प्लॉइज की छंटनी करती है। इससे पहले Vedantu, Netflix से भी कई लोगों को नौकरी से निकाला गया था।

## ३१ तक आवेदन आमंत्रित

अकोला – जिला परिषद उपकर योजना (सेसफंड) २०२२–२३ के अंतर्गत जिला परिषद के कृषि विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत किसानों को ९० प्रतिशत अनुदान दिया जाता है. इनमें एचडीपीई पाइप, पांच एचपी इलेक्ट्रिक मोटरपम्प, बैटरी ऑपरेटेड पॉवर स्प्रेयर व ४५० जीएसएम प्लास्टिक ताड़पत्री आदि योजनाओं का समावेश है.

BEST IN COMMERCE
Hitesh Vakhariya Sir's
COMMERCE POINT
Commerce Classes
11th | 12th | CA FOUNDATION | B.COM
EDUCATION LOAN FACILITY AVAILABLE
Necklace Road, Akola • Cell : 823781838, 823781839
Email : commercepoin2017@gmail.com • Website : www.thecommercepoint.com

## सम्पादकीय

# सन्यास लेने या देने की चीज नहीं, यह तो एक मानसिक भाव है


सन्यास लेने या देने की चीज नहीं है। यह एक मानसिक भाव है, जिसके प्रति आकर्षण परमात्मा की कृपा से ही प्राप्त होता है। दीक्षा, आचरण के नियम, वेशभूषा, विधि आदि सम्प्रदाय या आश्रम विशेष या गुरु विशेष के होते है; पर संन्यास में इसकी कोई उपयोगिता नहीं है। जब किसी भावनात्मक चोट से या स्वयं की विचार शक्ति से भौतिक जगत से मोह टूटता है, तो व्यक्ति स्वयं और स्वयं के जीवन का कारण तलाशने लगता है। सन्यास का प्रारंभ यहाँ से होता है। इसके लिए कोई नियम नहीं है। विधियाँ और नियम भौतिक साधनाओं के लिए होते है। सन्यास पूर्णतया भावनात्मक ज्ञानमार्ग है, जो विचार शक्ति, तर्क शक्ति, मनन शक्ति के द्वारा भौतिकता का बेध कर अंतिम सत्य तक पहुँचाता है। सन्यास लेना सबके बस की बात नहीं है सन्यासी जीवन बीतना बेहद कठिन और मुश्किलों भरा होता है। सन्यासी बनने के लिए एक व्यक्ति को सभी तरह के मोह माया का त्याग कर अपने आपको अपने इष्ट की आराधना में जीवन समर्पित करना होता है। शून्य की तरफ लगातार बढ़ते जाना सन्यासी की दिनचर्या में शामिल होता है। श्री कृष्ण ने इसका एक सरल मार्ग बताया है। सब कुछ करो, पर उससे राग मत रखो। स्वतंत्र होकर अपने और जगत के सत्य को जानने का प्रयत्न करो। गुरु का मार्ग निर्देशन और उपदेश सन्यास रुपी उपलब्धि का ईंधन होता है। पर यह सभी भाव प्रधान तर्क प्रधान होते है। विधि प्रधान नहीं। इस संसार में कोई किसी के लिए प्रिय नहीं होता। सभी अपने ही लिए प्रिय होते है। यहाँ कुछ भी शाश्वत नहीं। न तो जीवन, न ही जीवन के सुख। हम नहीं जानते कि हम क्या है? कहाँ से आते है, कहाँ चले जाते है। इस सत्य को जानने के लिए प्रयत्नशील होना ही सन्यास धारण करना है।

# कार खरीदने का बदलता ट्रेंड : महंगी कारों की बिक्री ३८% की दर से बढ़ी




दो साल में महंगी कारों की बिक्री सस्ती कारों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिसर्च के मुताबिक, एंट्री लेवल कारों के मुकाबले १० लाख रु. से ज्यादा कीमत वाली कारें तेजी से बिकने की मुख्य वजह दोनों सेगमेंट के ग्राहकों की आमदनी में अंतर है।

२०२१-२२ में प्रीमियम सेगमेंट यानी १० लाख रुपए से अधिक कीमत वाली कारें सस्ती कारों की तुलना में ५ गुना तेजी से बिकीं। रिपोर्ट बताती है कि प्रीमियम सेगमेंट की कारों की बिक्री सालाना ३८% की दर से बढ़ी है। जबकि, सस्ती कारों की बिक्री सालाना ७% की दर से बढ़ रही है। इससे २०२१-२२ में प्रीमियम कारों का मार्केट शेयर २५% से बढ़कर ३०% हो गया।

आभुषणों की नई परीभाषा

मंगलसुत्र । लक्ष्मीहार
रानीहार । नेकलेस
कंगन । ज्वेलरी के
निर्माता एवं विक्रेता




ईशा ज्वेलर्स

गांधी रोड, अकोला. 0724-2425523


# १७ मई से १४ जून तक रहेगा ज्येष्ठ, ज्येष्ठ माह में क्या करें और क्या नहीं?




१. ग्रंथों के अनुसार इस महीने में दिन में सोने की मनाही है। शारीरिक परेशानी या अन्य समस्या हो तो एक मुहूर्त तक यानी करीब ४८ मिनिट तक सो सकते हैं।

२. सूर्योदय से पहले स्नान और पूरे महीने जल दान करना चाहिए। इसके साथ ही इस महीने जल व्यर्थ करने से वरुण दोष लगता है इसलिए फालतू पानी बहाने से बचना चाहिए।

३. इस महीने में बैंगन नहीं खाया जाता। इससे संतान को कष्ट मिलता है। आयुर्वेद के अनुसार इससे शरीर में वात रोग और गर्मी बढ़ती है। इसलिए पूरे महीने बैंगन खाने से बचना चाहिए।

४. महाभारत के अनुशासन पर्व में लिखा है कि जो ज्येष्ठ महीने में एक समय भोजन करता है। वो धनवान और निरोग होता है। इसलिए हो सके तो इन दिनों में एक बार खाना खाएं।

५. इस महीने में तिल का दान करना बहुत ही फलदायी माना गया है। ऐसा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और सेहत भी अच्छी रहती है।

६. ज्येष्ठ महीने का स्वामी मंगल है। इसलिए इन दिनों में हनुमान जी की पूजा का भी बहुत महत्व है। इस महीने हनुमान जी की पूजा करने से हर तरह की परेशानियां दूर हो जाती हैं।

### कैसे पड़ा महीने का नाम ज्येष्ठ

हिंदू कैलेंडर के अनुसार ये साल का तीसरा महीना होता है। इस महीने का स्वामी मंगल होता है। इसके आखिरी दिन पूर्णिमा तिथि के साथ ज्येष्ठा नक्षत्र का संयोग बनता है। इसलिए इस महीने को ज्येष्ठ कहा जाता है। प्राचीन काल गणना के अनुसार इस महीने में दिन बड़े होते हैं और इसे अन्य महीनों से बड़ा माना गया है। जिसे संस्कृत में ज्येष्ठ कहा जाता है। इसलिए इसका नाम ज्येष्ठ हुआ।

### ज्येष्ठ महीने में भगवान विष्णु की पूजा

१. ज्येष्ठ मास में नहाने के बाद भगवान सूर्य को जल चढ़ाएं। जल चढ़ाते वक्त ऊँ सूर्याय नम: मंत्र का जाप करें।

२. सूर्य पूजा के बाद घर के मंदिर में या किसी अन्य मंदिर में भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की पूजा करें।

३. पूजा में दक्षिणावर्ती शंख से भगवान का अभिषेक करें। इसके लिए शंख में केसर मिश्रित जल भरें और भगवान को चढ़ाएं।

४. इस महीने में ठंडे पानी से बाल गोपाल का अभिषेक करना चाहिए।

५. भगवान को चंदन लेप भी करना चाहिए। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप १०८ बार करें।

# वीर सावरकर जयंती



२८ मई १८८३ में महाराष्ट्र (उस समय के 'बॉम्बे प्रेसीडेंसी') के नासिक जिले के एक गांव 'भागुर' में जन्में सावरकर राष्ट्रवाद के सबसे बड़े नायक के तौर पर जाने जाते हैं. वो भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की पहली पंक्ति के सेनानी और प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे, जिन्हें स्वातंत्र्यवीर, वीर सावरकर के नाम से पुकारा जाता है.

### हिंद स्वराज पुस्तक की प्रेरणा बने सावरकर

जीवन को छोटे में कहते चलें तो सावरकर ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज से कला स्नातक (बीए) किया था. १९०६ में वे बैरिस्टर बनने के लिए लंदन चले गए. इसके बाद ही १९०९ में लंदन में गांधी और सावरकर के बीच हुई एक मुलाकात बाद में हिंद स्वराज पुस्तक के लिखने की वजह बनीं.

### संबंधित संगठन और कार्य:

इन्होंने अभिनव भारत सोसाइटी नामक एक भूमिगत सोसाइटी की स्थापना की। सावरकर यूनाइटेड किंगडम गए और इंडिया हाउस तथा फ्री इंडिया सोसाइटी जैसे संगठनों से जुड़े। वे वर्ष १९३७ से १९४३ तक हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे।

उन्होंने 'हिंदुत्व: हिंदू कौन है?' पुस्तक लिखी।

### मुकदमे और सज़ा :

वर्ष १९०९ में उन्हें मॉर्ले-मिंटो सुधार (भारतीय परिषद अधिनियम १९०९) के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। १९१० में क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस के साथ संबंधों के लिये गिरफ्तार किया गया। सावरकर पर एक आरोप नासिक के कलेक्टर जैक्सन की हत्या के लिये उकसाने का था और दूसरा भारतीय दंड संहिता १२१-ए के तहत राजा (सम्राट) के खिलाफ साजिश रचने का था।

दोनों मुकदमों में सावरकर को दोषी ठहराया गया और ५० वर्ष के कारावास की सज़ा सुनाई गई, जिसे काला पानी भी कहा जाता है, उन्हें वर्ष १९११ में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सेलुलर जेल ले जाया गया। मृत्यु : २६ फरवरी, १९६६ को अपनी इच्छा से उपवास करने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

# मुंग दाल टोस्ट

★ रेसिपी ★



**सामग्री :** मूंगदाल- १ कप, हरी मिर्च- २, हल्दी- १/२ छोटा चम्मच, काली मिर्च पाउडर- १/४ छोटा चम्मच, नमक- १/२ छोटा चम्मच, हींग- १ चुटकी, प्याज़- १/२ बारीक कटा, गाजर- १/२ किसी हुई, शिमला मिर्च- १/२ बारीक कटी, हरा धनिया- २ बड़े चम्मच, ब्रेड स्लाइस - ६, मक्खन- सेंकने के लिए।

**विधी :** बड़े बोल में मूंगदाल को पानी में क़रीब दो घंटे के लिए भिगोकर रखें। पानी निथारकर बारीक और गाढ़ा पीस लें। पीसी हुई दाल को बड़े बोल में डालें। इसमें हल्दी, नमक, काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर और हींग डालकर अच्छी तरह मिलाएं। फिर प्याज़, गाजर, शिमला मिर्च और हरा धनिया डालें। अब एक ब्रेड को गर्म तवे पर दोनों तरफ से मक्खन लगाते हुए सेंकें। फिर मूंगदाल का मिश्रण दोनों तरफ लगाएं और मक्खन लगाते हुए मध्यम आंच पर दोनों तरफ से भूरा होने तक सेंक लें। मूंगदाल टोस्ट को टमाटर सॉस के साथ परोसें।

– वैष्णवी निरवाडे

# अकोला में पार्कींग झोन की जरुरत



अकोला – शहर के मुख्य मार्गो पर बड़ी संख्या में वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं. महात्मा गांधी रोड़, तिलक रोड़, ओपन थिएटर रोड़, वाशिम स्टैंड, स्टेशन रोड़, जठारपेठ, पुराना शहर की बस्तियां आदि क्षेत्रों में कहीं भी पार्किंग जोन नहीं हैं, जहां–जहां पार्किंग की व्यवस्था है उन क्षेत्रों में अतिक्रमण हो गया है. इसलिए पार्किंग जोन का निर्माण बहुत जरूरी है.

# पानी टैक्स के बकायाधारकों पर कार्रवाई काटे नल कनेक्शन

अकोला – मनपा क्षेत्र में पानी टैक्स के बकायाधारकों तथा गैरकानूनी नल कनेक्शनधारकों के नलकनेक्शन मनपा आयुक्त के आदेशानुसार जलप्रदाय विभाग द्वारा काटे जा रहे हैं. इस मुहिम के अंतर्गत भारत विद्यालय के पास अजिंक्य अपार्टमेंट स्थित के ५ नल कनेक्शन काटे गए. उक्त संपत्तिधारकों पर २०१७ से ५० हजार रुपए की पानी का टैक्स बकाया है.

जपसरे हॉस्पिटल
& CRITICAL CARE
२४ घंटे सेवा
डॉ. कैलाश जपसरे
M.D. Medicine हृदयरोग तज्ञ
क्रिटीकल केअर • आयसीयु युनिट
अकोट बस स्थानकाच्या बाजुला, अकोट जि. अकोला.

Mob. : 7020909678
Care Diagnostic Lab
केअर डायग्नोस्टीक लॅब
समय : सु. ८.०० से शाम ८.३०
रविवार सु. ८.०० से दो.२.००
अमनखाँ प्लॉट रोड, बँक ऑफ बडौदा के सामने, सुर्या संकुल, अकोला.
• २४ घंटे आपातकालीन सेवा. •
■ हीमॅटोलॉजी
■ सायटोलॉजी
■ हीस्टो पॅथोलॉजी
■ थायराईड
■ हार्मोन्स
■ ब्लड गॅसेस (ABG)


मे. चेलाराम मशिन्स
• पी.व्हि.सी. पाईप • जी.आय.पाईप • जेट पंप • पंप
व अन्य मशिन्स तथा पार्टस् के अधिकृत विक्रेता.
• मानेक टॉकीज के सामने, तिलक रोड, अकोला.
• जापान जीन, दगडीपुल रोड, अकोला.

## स्वास्थ्य सरिता

**किसी भी कारण से पेशाब बंद होनेपर –** एरंडेल का तेल २५ से ५० ग्रॅम तक गरम पानी में मिलाकर पिने से १५–२० मिनीट में ही मुत्र खुल जाएगा। हर प्रकार से हार जाए और किसी उपाय से मुत्र न उतरे तो यह प्रयोग अवश्य करने जैसा है।

## "खेल – जगत"



# पहली बार हॉकी का टी-२० वर्जन खेलेगा भारत



भारतीय टीम पहली बार हॉकी का शॉर्टर वर्जन खेलने जा रही है। इसे ५ ए साइड हॉकी कहते हैं। दरअसल, फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल हॉकी (FIH) पहली बार ५ ए साइड आयोजित करने जा रहा है। ५ और ६ जून को होने जा रहे इस टूर्नामेंट में पांच देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट स्विटजरलैंड के लुसाने में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने ९ सदस्यीय टीम घोषित की है। डिफेंडर गुरिंदर सिंह को इसकी कमान सौंपी गई है। सुमित को उप कप्तान बनाया गया है। यह पहला मौका है जब भारतीय पुरुष हॉकी टीम इंटरनेशनल लेवल पर ५ ए साइड हॉकी मैच खेलेगी। इससे पहले यूथ ओलिंपिक–२०१८ में भारत की यूथ टीम ने यह मैच खेला था।

### ५ देश खेलेंगे यह टूर्नामेंट

इस टूर्नामेंट में पांच देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारत के अलावा मलेशिया, पाकिस्तान, पोलैंड और मेजबान स्विटजरलैंड शामिल हैं। भारतीय टीम १ जून को बेंगलुरु से रवाना होगी।

## जॉब

### ONGC - 922 Post
- पद : नॉन एक्झीकेटीव्ह
- पात्रता : आयटीआय डिप्लोमा इंजि.
- वयमर्यादा : १८ से २८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २८/०५/२०२२
- www.ongcindia.com

### MPSC - 161 Post
- पद : असि. रिजनल ट्रान्स. ऑफीसर
- पात्रता : ग्रॅज्युएट....
- वयमर्यादा : १९ से ३८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : ०१/०६/२०२२
- www.mpsconline.gov.in

### SSC
- पद : नर्सिंग
- पात्रता : १२ वी पास, नर्सींग कोर्स
- वयमर्यादा : १८ से २५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १३/०६/२०२२
- www.ssc.nic.in

### ASAM RIFLES
- पद : टेक्नीकल ट्रेडस्मॅन
- पात्रता : आयटीआय, १२ वी पास
- वयमर्यादा : १८ से २५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २०/०७/२०२२
- www.asamrifles.gov.in

### ECHS Mumbai
- पद : मेडीकल स्पेशालिस्ट....
- पात्रता : जी.एन.एम., बी.एस.सी.
- वयमर्यादा : १९ से ३८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १०/०६/२०२२
- www.echs.gov.in

सारडा करिअर पॉईंट
जॉईन ऑनलाईन क्लासेस
www.sardacareer.in
Also Download APP in Playstore
UPSC/MPSC/STI/PSI
• बँकींग • एम.बी.ए. एन्ट्रन्स • एम.सी.ए. एन्ट्रन्स • स्टाफ सिलेक्शन कमिशन • रेल्वे रिक्रुटमेंट • पोस्ट ऑफीस • तलाठी और सभी स्पर्धा परिक्षा के लिये... अनुभवी विशेषज्ञ और वैयक्तीक मार्गदर्शन के लिये आजही संपर्क करें मो. 9822019629, 9049449933
किंग बेकरी के उपर, एल.आर. टी.कॉलेज रोड, अकोला.

### Manglor Refinery
- पद : इंजिनिअर
- पात्रता : बी.ई., बी.टेक.
- वयमर्यादा : १९ से २७ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २८/०५/२०२२
- www.mrpl.co.in

### Indian Post
- पद : ग्रामीण डोकसेवक
- पात्रता : १० वी पास....
- वयमर्यादा : १८ से ३८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : ०५/०६/२०२२
- www.indianpostgdsonline.gov.in

### Central Railway Info.System
- पद : सॉफ्टवेअर इंजिनिअर...
- पात्रता : बी.ई., बी.टेक.
- वयमर्यादा : १९ से ३२ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २४/०५/२०२२
- www.cris.org.in

### Indian Army - 220 Post
- पद का नाम : नर्सींग सर्व्हिस
- पात्रता : नियमानुसार
- वयमर्यादा : १८ से ३० वर्ष
- अंतिम दिनांक : ३१/०५/२०२२
- www.joinindianarmy.nic.in

## जीवन सरिता

महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सभी ने घर को 'तिर्थ–आश्रम' मानकर स्वच्छ और व्यवस्थीत रखे, इससे व्यवहारीक कष्ट दूर होते है और सुझबुझ व कार्यशक्ती निखरती है।

## फिल्मी जगत



# २७ मई को सिनेमाघरों में लगेगी फिल्म अनेक




बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना हर बार अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आते हैं। इंडस्ट्री में अलग और लीग से हटकर फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना अब जल्द ही एक और नई फिल्म के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है। फिल्म अनेक में आयुष्मान एक अंडर कवर कॉप बन नॉर्थ ईस्ट और वहां के लोगों के साथ होने वाले भेदभाव जैसे गंभीर मुद्दे को सुलझाते नजर आएंगे।वही एंड्रिया एक बॉक्सर के रोल में हैं। फिल्म को नॉर्थ ईस्ट इंडिया के लोकेशन में शूट किया गया है। फिल्म 'अनेक' को अनुभव सिन्हा द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। जबकि इसे भूषण कुमार की टी–सीरीज और अनुभव सिन्हा की बनारस मीडिया वर्क्स द्वारा मिलकर बनाया गया है। फिल्म २७ मई, २०२२ को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।


# जनसहयोग से ३४ प्रकल्पों से निकाला ३० हजार घनमीटर गाद



अकोला – बांधों में गाद इकठ्ठा होने में उनकी जलसंग्रह क्षमता घट गई थी। इसलिए गाद निकालकर किसानों की कृषि भूमि को उपजाऊ बनाने जिला प्रशासन ने गादमुक्त बांध व गादयुक्त शिवार उपक्रम शुरू किया उपक्रम अकोला जिले की सभी तहसीलों में जनसहयोग से चलाया जा रहा है, जिसके तहत ३४ प्रकरणों से अब तक ३० हजार ६३७ घनमीटर गाद निकाला गया। गाद निकालकर किसानों के खेतों में डाले जाने से ३९४ किसानों को लाभ हुआ है। गाद निकालने का काम १५ जून तक जारी रखा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसानों की कृषि भूमि उपजाऊ बनाई जा सके।

# २५ प्रतिशत आरक्षित सीटों पर १,४५३ छात्रों को प्रवेश

अकोला – बालकों के निशुल्क व सख्ती के शिक्षा अधिकार अधिनियम २००९ अंतर्गत निजी शालाओं में २५ प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी गई है। इन सीटों के लिए शिक्षा विभाग




की ओर से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया चलाई गई। ड्रा के तहत १ हजार ४५३ छात्रों का प्रवेश निश्चित किया गया। अभी भी ४६७ सीटें खाली है, जिन पर प्रतीक्षा सूची में होनेवाले छात्रों को स्थान दिया जाएगा।

# २६ को २ उड़ानपुलों का लोकार्पण



अकोला – २६ मई को निर्माण किए अटलबिहारी वाजपेयी उड़ान पुल तथा संत कंवर राम उड़ान पुल का लोकार्पण तथा हुतात्मा चौक पर बनाए गए अंडर पास का लोकार्पण भी होगा। इस उड़ान पुल के सुरु हो जाने से ट्रैफिक कम होगा और नागरीको अधिक लाभ होगा, इस उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन पद्धति से उपस्थित होगे और अकोला में केंद्रीय मंत्री नितिनजी गडकरी की विशेष रूप से उपस्थिति रहेगी.इस भव्य कार्यक्रम में अकोला के नागरिक और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहेगे।

# ओबीसी आरक्षण के लिए भाजपा भाजपा का रास्ता रोको



अकोला – मध्यप्रदेश में ओबीसी का राजकीय आरक्षण लागू होते ही अकोला जिले समेत राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। महाविकास आघाडी सरकार पर निशाना साधा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने आक्रमक रूख अपनाते हुए आंदोलन छेड़ दिया है। गांधी रोड पर ओपन थिएटर के सामने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने रास्ता रोको आंदोलन किया। इस अवसर पर महाविकास आघाड़ी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ओबीसी आरक्षण लागू न होने के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया गया।


दिव्य हिन्दी न्युज के C.T.O.

**हिरेनभाई केसरीयाँ**

इन्हें **जन्मदिवस** की **हार्दिक शुभकामनाऐं !**





• शुभेच्छुक •

**दिव्य हिन्दी मिडीया ग्रुप**


# अ.जा.विद्यार्थीयों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अकोला – सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग के अंतर्गत अकोट तहसील के पाटसूल में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए कार्यरत शासकीय निवासी शाला में २०२२-२३ के शैक्षणिक सत्र के लिए छटवीं से दसवीं कक्षा तक रिक्त जगह के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है.


**मोबाईल घ्या ऑनलाईनपेक्षा स्वस्त**

**मोबाईल विला**




महानगरपालिका के सामने, अकोला. मो. 9028946395

MAGIC Kitchen & Hardware

Hettich CNR KesPace ENOX

Fancy Hardware | Kitchen | Wardrobe | Bathroom Accessories



**मॅजीक**

किचन ॲन्ड हार्डवेअर

बॉम्बे लॉज के सामने, श्रावगी टॉवर के पास, तिलक रोड, अकोला.

मो. 9421958147, 9765884097, 9960710384,

संबंधित प्रतिष्ठान : **किशोर हार्डवेअर,** जुना कपडा बजार, अकोला.

**New GST Registration & All GST Retrun**

संपर्क - 7972342508

**प्रॉपर्टी लेना/बेचना**

Akola Property Broker

**और भाडे से लेना/देना**

**9970012526**

दि डिस्ट्रीक्ट प्रॉपर्टी कन्सल्टेंट ब्रोकर्स एसो.

तिलक रोड, रयत हवेली के सामने, दुसरा माला, अकोला.

# M R FURNITURE MALL

MR FURNITURE MALL

**अकोला मे विदर्भ का सबसे बडा फर्निचर मॉल**

35000 स्के. फिट में

**ALL TYPES OF CUSTOMISED FURNITURE AVAILABLE**




9822863388 9890012301 9860051897

MIDC, No. 4, Plot No. M - 76, Wing - A, Dargah Road, Near Khandelwal Kata, Kumbhari, Akola - 444104 Maharashtra


यह पत्र मालक, प्रकाशक, सम्पादक ज्योतिन्द्र शांतीलाल जैन इन्होने मुद्रक संतोष गणपतराव धरमकर इनके श्रीकृपा प्रिंटर्स, जापान जीन, दगडी पुल रोड, अकोला (महाराष्ट्र) यहाँ छपवाकर कार्यालय सा. दिव्य हिन्दी, जापान जीन दगडी पुल रोड अकोला-४४४ ००१ (महाराष्ट्र) यहाँ से प्रकाशित किया. कोई भी विवाद केवल अकोला न्यायालय अंतर्गत ▪ सम्पादक : ज्योतिन्द्र शांतीलाल जैन

सूचना : साप्ताहिक दिव्य हिन्दी में छपी जानकारीयाँ विज्ञापनों की जाँच परख करने के पश्चात ही पाठक गण अपना कदम उठाये. हमारी हमेशा यही कोशिश रहती है कि, आप तक सही जानकारी पहुँचाए, फिर भी कॉम्प्युटर/डिटीपी टाईपसेटींग या अन्य किसी कारण से कोई गलती रह जाती है तो, उसके लिये साप्ताहिक दिव्य हिन्दी के मालक, प्रकाशक, सम्पादक, प्रबंध सम्पादक जवाबदार नहीं. कृपया पाठकगण इसका ध्यान रखें.